## प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–14.07.2025 (सुबह 08:30 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **सावन की पहली सोमवारी आज, देवघर के बाबाधाम समेत राज्य भर के शिवालयों में जलार्पण को उमड़े भक्त।**
2. **भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी का आरोप– भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी स्कूली बच्चों की दी जाने वाली साइकिलें, कहा– मुख्यमंत्री सुनिश्चित करें गुणवत्ता।**
3. **दिल्ली दौरे पर झारखंड कांग्रेस के मंत्री और विधायक, लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ करेंगे बैठक ।**
4. **रेलवे ने रेलगाड़ियों की सभी बोगियों में यात्रियों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाने का लिया निर्णय ।**
5. **और राज्य में आज से तीन दिनों तक आंधी के साथ भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट, अलग– अलग जिलों में वज्रपात से 7 लोगों की मौत, 7 घायल।**

*******************

आज सावन की पहली सोमवारी है। देवघर के बाबाधाम समेत राज्य के तमाम शिवालयों पर जलाभिषेक के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा को लेकर प्रशासन की ओर से व्यापक प्रबंध किए गए है। देवघर के बाबाधाम में बोलबम के नारों के साथ उमड़े आस्था के सैलाब का ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

इधर बाबानगरी में आयोजित श्रावणी मेला में कांवरियों को सुरक्षा से लेकर ठहरने तक, हर इंतजाम हाईटेक और सुलभ बनाया गया है। एआई चैट बॉक्स, कैमरे, और बच्चों–बुजुर्गों के लिए खास रिस्ट बैंड की व्यवस्था की गई है, साथ ही चप्पे–चप्पे पर पुलिस बल भी तैनात है। मेले का मुख्य आकर्षण इस साल बड़े पैमाने पर बनी टेंट सिटी है, जहां बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क ठहरने की उत्तम व्यवस्था की गई है। राजधानी रांची स्थित पहाड़ी मंदिर में भी भोर से भी भक्तों का तांता लगा है।

*******************

दुमका के विश्व प्रसिद्ध बाबा बासुकिनाथ के दरबार में सावन के पहले सोमवार आज भक्तों की भारी भीड़ जुटी है। पूरा मेला क्षेत्र बोलबम के जयघोष से कल रात से ही गुंजायमान है । विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता।

*******************

पूर्व मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुवर दास ने दिल्ली में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। श्री दास ने पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद शिबू सोरेन के स्वास्थ्य का हाल जाना। इधर खूंटी के सांसद कालीचरण मुंडा ने भी मुख्यमंत्री से मिलकर गंगाराम अस्पताल में भर्ती गुरूजी के सेहत की जानकारी ली।

*******************

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार के मुद्दे पर निशाना साधा है । सोशल मीडिया एक्स पर उन्होंने लिखा है कि झारखंड में स्कूली बच्चों की साइकिल भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गयी है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि कल्याण विभाग की ओर से सरकारी स्कूल के छात्र–छात्राओं को कबाड़ साइकिलें वितरित की जा रही हैं। श्री मरांडी ने लिखा है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को खराब हो चुकी सारी साइकिलें वापस लेकर बच्चों को अच्छी गुणवत्ता वाली साइकिल उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए।

*******************

झारखंड कांग्रेस कोटे के मंत्री, विधायक और सांसद के साथ प्रदेश अध्यक्ष और प्रभारी दिल्ली के दौरे पर हैं। आज वे लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से मुलाकात करेंगे। इस बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और केन्द्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल मौजूद रहेंगे । प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने बताया कि इस दौरान सांगठनिक कार्यों और कार्यक्रमों की जानकारी दी जाएगी।

*******************

केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि रांची के चार जगहों पर आज भारतीय तटरक्षक बल में करियर अवसरों के लिए कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का यह आह्वान है कि देश के अधिक से अधिक युवा देश की सुरक्षा में अपनी भागीदारी निभाएं। इस परिप्रेक्ष्य में रक्षा मंत्री राजनाथ

सिंह के मार्गदर्शन में रक्षा मंत्रालय देश के विभिन्न हिस्सों में जागरूकता अभियान चला रहा है। यह अभियान 20 जुलाइ तक चलेगा।

*******************

रेलवे ने रेलगाड़ियों की सभी बोगियों में यात्रियों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाने का निर्णय लिया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने रेल इंजनों और बोगियों में सीसीटीवी कैमरा लगाने के कार्य की समीक्षा की है। एक रिपोर्ट –

*******************

रेलवे सुरक्षा बल ने मूरी रेलवे स्टेशन पर चलाए एक विशेष जांच अभियान के दौरान छह नाबालिग लड़कियों को रेस्क्यू करते हुए दो मानव तस्करों को गिरफ्तार किया है। मानव तस्कर इन लड़कियों को नौकरी दिलाने का झांसा देकर अवैध रूप से आंध्रप्रदेश के विजयवाड़ा ले जा रहे थे।

*******************

सरायकेला–खरसावां जिले के आदित्यपुर थाना क्षेत्र में बाल श्रम रोकने के लिए रेस्क्यू अभियान चलाया गया। जहां से टीम ने 18 वर्ष से कम चार लड़कों को रेस्क्यु किया। कार्रवाई के संबंध में जानकारी देते हुए टीम में मौजूद सदस्य अधिवक्ता अयाज हैदर ने बताया कि ड़ालसा के निर्देश पर यह कार्रवाई समय–समय पर की जाती है। जिसका मुख्य उद्देश्य बाल श्रम कानून संरक्षण के तहत बाल श्रम रोकना है।

*******************

राज्य में वज्रपात की अलग– अलग घटना में 7 लोगों की मौत हो गई है ।दुमका जिला में आकाशीय बिजली गिरने से **दो महिला सहित तीन की मौत** हो गई है। चतरा जिले के सदर थाना क्षेत्र के अलग–अलग स्थान पर आकाशीय बिजली गिरने से **दो महिलाओं की मौत हो** गयी। गिरिडीह जिले में भी वज्रपात की चपेट में आने से दो लोगों की मौत हो गई ।

*******************

बंगाल की खाड़ी में सक्रिय साइक्लोनिक सरकुलेशन का असर 16 जुलाई तक राज्य के अलग–अलग हिस्सों में दिखेगा। इस दौरान कई जिलों में अति वृष्टि, जबकि कुछ जिलों में भारी बारिश हो सकती है। इसे लेकर मौसम केंद्र ने ऑरेंज अलर्ट जारी किया है ।

*******************

मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा हॉकी स्टेडियम, मोरहाबादी में चल रही 15वीं हॉकी इंडिया सब–जूनियर महिला राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप में आज झारखंड और ओडिशा के बीच फाइनल मुकाबला होगा आज तीसरे स्थान के लिए हरियाणा और मिजोरम की टीमें आमने–सामने होंगी । इधर झारखंड जीत कुने दो मार्शल आर्ट्स के तत्वावधान में ब्लैक बेल्ट और कलर बेल्ट ग्रेडिंग जेएससीए इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम, रांची में सफलता पूर्वक आयोजित की गई।कलर बेल्ट ग्रेडिंग में कुल 78 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

*******************

**<u>अखबारों की सुर्खियां–</u>**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने सावन की पहली सोमवारी और मंदिरों में आस्था का सैलाब की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनायी है।

**प्रभात खबर की सुर्खी है–** झामुमो का एक्स हैंडल हैक करने की जांच शुरू।

**दैनिक भास्कर** के शब्द हैं– झारखंड में ठनके का कहर

**हिन्दुस्तान** लिखता है– बिहार में विदेशी वोटर होने के दावों पर बिफरा विपक्ष।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है– 24 वें दिन मिला जोन्हा फॉल में डूबे डीपीएस के टीचर का शव।

*******समाप्त***********